हल्द्वानी-नैनीताल

अमर उजाला नैनीताल | बृहस्पतिवार | 11 नवंबर 2010

मेगा अदालत में 28644 वाद निस्तारित

नैनीताल। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस तथा उत्तराखंड उच्च न्यायालय की 10वीं वर्षगांठ पर उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को हाईकोर्ट तथा प्रदेश के सभी 13 जिलों में लगाई गई मेगा लोक अदालत में कुल 28644 वादों का निस्तारण कर 39196370 रुपये प्रतिकर दिलाया गया तथा 5838989 रुपये अर्थदंड वसूला गया।

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्रधिकरण के सदस्य सचिव प्रशांत जोशी ने बताया कि देहरादून में 14126 वादों का निस्तारण कर 6407719 रुपये प्रतिकर दिलाया गया जबकि 794045 रुपये अर्थदंड वसूला गया। इसी प्रकार हरिद्वार में 6515 वादों में 2994390 रुपये प्रतिकर एवं 2031450 रुपये अर्थदंड, यूएएस नगर में 5007 वादों में 7508000 प्रतिकर एवं 1732107 अर्थदंड, नैनीताल में 1034 वादों में 1690000 प्रतिकर एवं 305250 अर्थदंड, अल्मोड़ा में 680 वादों में 3442752 प्रतिकर एवं 240250 अर्थदंड, उत्तरकाशी में 230 वादों में 1176300 प्रतिकर एवं 220950 अर्थदंड, टिहरी गढ़वाल में 204 वादों में 3592000 प्रतिकर एवं 119180 अर्थदंड, चंपावत में 199 वादों में 256398 प्रतिकर एवं 66820 अर्थदंड, चमोली में 165 वादों में 1211306 प्रतिकर एवं 121267 अर्थदंड, रुद्रप्रयाग में 136 वादों में 596769 प्रतिकर एवं 53050 अर्थदंड, पौड़ी गढ़वाल में 128 वादों में 1730500 प्रतिकर एवं 45350 अर्थदंड, पिथौरागढ़ में 123 वादों में 515000 प्रतिकर एवं 75420 अर्थदंड, बागेश्वर में 28 वादों में 33850 अर्थदंड तथा उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में 69 वादों का निस्तारण कर 8075236 रुपये प्रतिकर दिलाया गया। इस प्रकार मेगा अदालत में कुल 28644 वादों का निस्तारण किया गया।

वर्षगांठ पर रक्तदान

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय की दसवीं वर्षगांठ पर बुधवार को आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के अवसर पर 50 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बरिन घोष ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है ऐसे में सभी को इस कार्य के लिए आगे आना चाहिए। विभिन्न ब्लड ग्रुप के 50 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, जिन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर काउंसलरों की